हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 13 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

12 बस्तर ओलंपिक का जोशीला शुभारंभ...



12 पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह में पर्यावरण ...





कार्रवाई : विभाग के दस्ते ने रायपुर जाते ट्रक को आधी रात मशक्कत से पकड़ा

# बिना रायल्टी लौह अयस्क लदा ट्रक जब्त बड़े खेल की संभावना, खुलासा होगा जल्द

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- खनिज विभाग ने कहा कि मामले की जाँच जारी है
- खनिज विभाग के द्वारा सही ढँग से जाँच किए जाने पर बड़े खेल का हो सकता है उजागर

जगदलपुर से लौह अयस्क की चोरी करके बिना कागज के रायपुर जा रहे एक ट्रक को रात को सवा 12 बजे बहुत ही मशक्कत के साथ पकड़ा। वाहन चालक ज्यादा जानकारी नहीं दे रहे है, वहीं खनिज विभाग ने चालक का कथन लिया है और आयरन अयस्क से भरी ट्रक को कब्जे में लिया है। वाहन चालक कुछ नहीं बोल पाएं, वाहन के मालिक के आने के बाद ही सही तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी कि बिना कागज का लौह अयस्क कहाँ भेजा जा रहा था और कहाँ से लोड किया गया था। जानकारी के अनुसार खनिज विभाग को जानकारी मिली कि ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 20 सी 7077 में लौह अयस्क बिना कागज के रायपुर परिवहन किया जा रहा है। यह खबर मिलते ही खनिज विभाग का अमला सक्रिय हुआ और पुलिस की मदद से 11 एवं 12 की दरमियानी रात को लगभग सवा 12 बजे कुलगांव में रोका गया। खनिज विभाग के अमले ने ट्रक चालक से परिवहन किए जा रहे लौह अयस्क के दस्तावेजों की माँग किया, परंतु उस समय कोई दस्तावेज चालक नहीं दिखा पाया। खनिज विभाग ने ट्रक को पुलिस को सुपुर्द करते हुए पुलिस लाईन में ट्रक को रखा गया। वाहन चालक ने खनिज विभाग के अमले को बताया कि हमारे पास कोई कागज नहीं है। हमें यह कहा गया था कि रायपुर जाना है, उसके बाद बताएंगे कि माल कहाँ खाली होगा। वाहन चालक कृष्णा क्षत्रिय पिता डीबी क्षत्रिय है, जो जगदलपुर जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र का निवासी है। चालक ने खनिज विभाग को बताया कि वाहन जगलदपुर के कमलदेव का है, परंतु उसकी विस्तृत जानकारी कथन में नहीं बताया है। जानकारों का कहना है कि जगदलपुर के रैक प्वांइट पर सही ढँग से जाँच किया जाएगा तो इस तरह की होनी वाली चोरो के खेल को पकड़ा जा सकता ▸▸| शेष पेज 10 पर







### बिना कागज के एक वाहन पकड़ाया

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू से हरिभूमि ने पकड़े गए ट्रक के बारे में जानकारी चाही गई, इस पर उनका कहना था कि बीती रात को लौह अयस्क से भरा हुए एक ट्रक औचक जाँच में पकड़ाया है। वाहन चालकों ने कोई जानकारी नहीं दिया गया है। इस मामले में विस्तृत जानकारी एकत्र की जा रही है। मामले की जाँच जारी है, जाँच होने के बाद ही अधिकृत जानकारी दी जा सकेगी।

### जून माह में पकड़ाए थे दो ट्रक, जाँच जारी

खनिज विभाग ने बिना रायप्टी व बिल के दो ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 27 क्यू 4300और सीजी 18 क्यू 4300, जिसमें लौह अयस्क था, उसे 8 जून 2025 को दबोचा था। इस मामले की जाँच अभी भी चल रही है, इस पर क्या कार्यवाही हुई है, उसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। पांच माह बाद फिर से बिना कागजात के लौह अयस्क का परिवहन करते हुए एक ट्रक पकड़ाया है, इसकी भी जाँच शुरू हो गई है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली ब्लास्ट में जान गंवाने वालों को दी गई श्रद्धांजलि



**भानुप्रतापपुर।** भाजपा युवा मोर्चा मंडल भानुप्रतापपुर के द्वारा 11 नवंबर को शाम 6 बजें मुख्य चौक पर दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि देने के दौरान रत्नेश सिंह, नरोत्तम सिंह चौहान, राजीव श्रीवास, अनंत गोपाल कोठारी, प्रदीप जैन, आकाश सोलंकी, गौरव नसीने, लक्ष्मण कुलदीप, गणेश पटेल, गौरव शर्मा, अभिषेक ठाकुर, हितेश मानिकपुरी, प्रेम शर्मा, मयंक साहू, कनक राजपुत, बिट्टू यादव युवा मोर्चा तथा नगर के नागरिक एवं व्यापारी उपस्थित रहें।

### बाइक पत्थर से टकराई हुई चालक की मौत



**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत पीव्ही 62 निवासी अनिल मंडल का सड़क दुर्घटना में मौत होने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना में पाया गया कि मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीई 6065 में सवार होकर अनिल मंडल अपने घर की ओर रहा था। इसी दौरान रास्ते में रोड किनारे पत्थर से टकरा जाने से गंभीर चोट आया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान 11 नवंबर को मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी अनिल के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जहर सेवन से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत सीएचसी नरहरपुर में धमतरी जिला के कोरेगांव निवासी 38 वर्षीय मिलऊराम नागवंशी को इलाज के लिए भर्ती किया गया। इलाज के दौरान युवक का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दो शराब कोचिया को पुलिस ने दबोचा



**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए दो लोगो को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी पीव्ही 33 निवासी 47 प्रकाश विश्वास शराब पीने के लिए 11 नवंबर को शाम करीबन 6 बजें अन्य लोगो को शराब पीने की सुविधा दे रहा था। मौके पर आरोपी के कब्जे से 200 एमएल महुआ शराब और दो नग डिस्पोजल को जप्त किया गया। वही दूसरी कार्यवाही में नया बाजार पखांजुर निवासी 48 वर्षीय अनिता नेताम 11 नवंबर को नया बाजार के पास लोगो शराब पीने के लिए सुविधा दे रहा था। आरोपी के कब्जे से 3 नग डिस्पोजल और खुला मिक्चर को जप्त किया। दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### मृतक के परिजनों के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरूण वर्मा द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के चार प्रकरण में मृतक के परिजनों के लिए 25-25 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया। सिंगारभाट निवासी संतोष यादव की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण के उनकी पत्नी प्रीति लक्ष्मी के लिए 25 हजार, ग्राम मोदे-माकड़ीखूना निवासी प्रभुराम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन खोरिनबाई के लिए 25 हजार, नरहरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम बाबूसाल्हेटोला निवासी मनाराम शोरी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर पत्नी सुरजाबाई शोरी के लिए 25 हजार और ग्राम डुडुमबाहरा निवासी जितेन्द्र कोड़ोपी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित सन्ताबाई कोड़ोपी के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### डीसी मनीष को जिला जेल प्रभारी का दायित्व

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए डिप्टी कलेक्टर कांकेर राहुल रजक के स्थान पर डिप्टी कलेक्टर मनीष देव साहू को प्रभारी अधिकारी जिला जेल कांकेर का दायित्व सौंपा गया है।

## 6 सूत्रीय मांगों पर बनी सहमति 24 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

- भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मार्ग पूरी तरह ठप रहा

भैसाकन्हार के पास मंगलवार सुबह 11 बजे से चल रहा ग्रामीणों का चक्काजाम 24 घंटे बाद बुधवार को समाप्त हुआ। जिला प्रशासन और ग्रामीणों के बीच हुई लंबी चर्चा के बाद छह सूत्रीय मांगों पर सहमति बनने के पश्चात आंदोलन समाप्त किया गया। जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राज्य राजमार्ग क्रमांक 16 पर जाम लगाया था, जिससे भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मार्ग पूरी तरह ठप हो गया। इस दौरान भारी वाहन, ट्रक और बसों की लंबी कतारें लग गईं। जाम के कारण आम लोगों और व्यापारिक गतिविधियों पर भी असर पड़ा। आंदोलनकारी ग्रामीण रातभर सड़क पर डटे रहे। ठंड के मौसम में उन्होंने सड़क किनारे आग जलाकर और भोजन बनाकर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। ग्रामीणों ने प्रशासन पर सुविधाएं रोकने और आंदोलन को कमजोर करने के लिए दबाव बनाने के आरोप लगाए। बुधवार को हुई वार्ता में प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीण प्रतिनिधियों के बीच गहन चर्चा के बाद समझौता हुआ। प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर 15 किलोमीटर दायरे के प्रभावित गांवों की सूची तैयार करने और पिछले 16 वर्षों में सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व) व डीएमएफ (जिला खनिज निधि) मद से किए गए कार्यों का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करने पर सहमति जताई। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में जनसुनवाई के दौरान स्थानीय हितों को प्राथमिकता देना, पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित करना, विस्थापन ▸▸| शेष पेज 10 पर

## उमरादाह में राष्ट्रपिता गांधी की मूर्ति में आई दरारें, ग्रामीणों में गहरा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना



विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरदाह स्थित अटल चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति में दरारें आ जाने से क्षेत्र में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना के बारे में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, सरपंच-सचिव तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रपिता की मूर्ति देश की पहचान और आदर्शों का प्रतीक है, जिसका इस तरह की दरारें रहना बेहद दुखद और शर्मनाक है। कई सामाजिक संगठनों और युवाओं ने इस पर आपत्ति जताते हुए तत्काल मूर्ति की मरम्मत और चौक की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग किया है। ग्रामवासियों ने बताया कि अटल चौक क्षेत्र गाँव का प्रमुख स्थल है, जहाँ प्रतिदिन ग्रामीणों की आवाजाही रहती है। लंबे समय से मूर्ति की स्थिति के खराब रहने के बावजूद पंचायत प्रशासन ने न तो इसकी मरम्मत कराई और न ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था की पहल की है। इससे ग्रामीणों में पंचायत प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन ▸▸| शेष पेज 10 पर

## सामाजिक जागरूकता व आर्थिक बहिष्कार से बदला माहौल, वैदिक रीति से हुआ पुनः प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना

- पंचायत ने निवेदन स्वीकार किया और बुधवार को शीतला मंदिर पूजा-अर्चना हुई





कांकेर जिले के सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम मुड़पार (दखनी) में धर्मांतरण के विरोध और सामाजिक जागरूकता के बीच एक बार फिर घर वापसी का मामला सामने आया है। गांव के दो धर्मांतरित व्यक्तियों ने अपने मूल सनातन धर्म में लौटने का निर्णय लिया है। इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है, वहीं समाज के लोगों ने इसे आस्था की पुनः स्थापना बताया है।

जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्तियों ने ग्राम पंचायत में आवेदन देकर समाज में दोबारा शामिल होने की इच्छा जताई थी। पंचायत ने सर्वसम्मति से उनके निवेदन को स्वीकार किया और बुधवार को शीतला मंदिर परिसर में वैदिक रीति-विधान से पूजा-अर्चना कर उनका पुनः स्वागत किया गया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान के तहत हवन-पूजन कर पवित्र जल से शुद्धिकरण किया गया। समाज के सदस्यों ने घर वापसी करने वाले व्यक्तियों का गुलाब के फूल से स्वागत किया और समाज में पुनः स्थान प्रदान किया। गांव के वरिष्ठ जनों ने बताया कि धर्म परिवर्तन के बाद इन परिवारों के साथ सामाजिक दूरी बढ़ गई थी। उनके साथ व्यवहारिक संबंध टूट गए थे] यहां तक कि किसी परिजन के निधन पर अंतिम संस्कार के लिए भूमि भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही थी, जिससे उन्हें भारी मानसिक और सामाजिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति ने इन परिवारों को अपनी आस्था और मूल धर्म की ओर लौटने पर मजबूर किया। ग्राम समिति की ओर से कहा गया कि आगे भी ऐसे मामलों में सामूहिक रूप से निर्णय लिए जाएंगे और धर्मांतरण के मामलों में कठोर रुख अपनाया ▸▸| शेष पेज 10 पर

## जामगांव में एनएसएस ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



विकासखंड नरहरपुर के ग्राम जामगांव में एनएसएस के द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और गांव को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया। एनएसएस के द्वारा अनुशासन और नशा मुक्ति जैसे अभियान भी चलाए गए। ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों ने स्वच्छता और नशा मुक्ति का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे अपने गांव को स्वच्छ और नशा मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता और नशा मुक्ति के महत्व के बारे में बताया और उन्हें इन अभियानों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।



## आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा ने नशा व धर्मांतरण की रोकथाम नीति बनाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर/सरोना

- बैठक में बालक-बालिकाओं की शिक्षा के विकास पर जोर दिया गया

परिक्षेत्र कांकेर के ठेलकाबोड़ स्थित बुड़ादेव मंदिर प्रांगण में आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा टंहकापार के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज को संगठित करने, समाज की उन्नति, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, नशा मुक्ति अभियान और समाज की धरोहर, परंपरा व रीति-नीति के संरक्षण पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया और रणनीति तैयार किया गया। आयोजित बैठक में उपस्थित सभी जिलों के पदाधिकारियों ने एकमत से यह संकल्प लिया कि आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की पुरातन रीति-नीति, परंपरा, संस्कार एवं सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित व सुरक्षित किया जाएगा। समाज के बुजुर्गों और विद्वानों ने समाज की एकता, संस्कृति और पहचान को बनाए रखने पर बल दिया। बैठक में समाज के उत्थान के लिए शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। समाज के सभी वर्गों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही समाज द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इन विषयों पर रणनीति तैयार करके सभी पदाधिकारियों को कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

आयोजित बैठक में महासभा टहकापार के अध्यक्ष राजेन्द्र ध्रुव को केंद्रीय कार्यालय के प्रवक्ता एवं सलाहकार की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। आसकरण ध्रुव, निर्मला नेताम तथा लक्ष्मी ध्रुव को केंद्रीय सदस्य बनाया गया। प्रशांत मंडावी और प्रभु मंडावी को युवा मंडल के केंद्रीय पदाधिकारी के रूप में दायित्व सौंपा गया। बैठक में सातों जिलों के प्रतिनिधियों को भी विभिन्न केंद्रीय जिम्मेदारियाँ दी गईं। इस अवसर पर जिला कार्यालय टहकापार कांकेर के सदस्यों द्वारा सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिले, तहसील और क्षेत्रीय स्तर के अनेक समाज पदाधिकारी उपस्थित रहें।

सरोना थाना की प्रथम प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

# आरोपी माता-पिता, पत्नी व बच्चों से करता था विवाद, समझाइश हुई फेल, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- अनुविभागीय दंडाधिकारी के सामने आया प्रकरण, भेजा गया जेल




जिले के सरोना थाना के गठन के बाद पहली बार पुलिस ने इस्तगाशा (प्रतिबंधात्मक) कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं अनुविभागीय दंडाधिकारी अरूण वर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सरोना थाना के पहले प्रतिबंधात्मक मामले के आरोपी को जेल की सलाखों में भेजा है। यह थाना 7 नवंबर 2025 को औपचारिक रूप से शुरू हुआ था, और कुछ ही दिनों में पुलिस ने त्वरित एक्शन लेकर अपनी सक्रियता का परिचय दिया है। सरोना थाना प्रभारी मालिकराम केंवट से मिली जानकारी के अनुसार धनेसरा निवासी 30 वर्षीय भुवन कुंजाम पिता शंकर कुंजाम लगातार अपने पिता, माँ, पत्नी एवं बच्चों के साथ विवाद करता रहता था। कई बार समझाइश देने के बावजूद वह अपने व्यवहार में सुधार नहीं ला रहा था। गांव में कई बार बैठक हुई और सुधरने का मौका दिया गया। गाँव के लोग समझाईश देते थे, उस पर हावी हो जाता था। परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 151, 107 और 116(3) के तहत कार्रवाई किया। यह सरोना थाना की स्थापना के बाद पहली इस्तगाशा कार्यवाही मानी जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अनुविभागीय दंडाधिकारी अरूण वर्मा के न्यायालय में पेश किया। दंडाधिकारी ने प्रकण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को जेल भेज दिया।

उल्लेखनीय है कि सरोना थाना 7 नवंबर को खोला गया था, ताकि क्षेत्र की बढ़ती आबादी और सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लोगों को नजदीकी पुलिस सुविधा मिल सके। कुछ ही दिनों में इस तरह की कार्रवाई ने न केवल पुलिस की तत्परता को दर्शाया है, बल्कि स्थानीय लोगों में भरोसा भी मजबूत किया है। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति पारिवारिक झगड़े, उत्पीड़न या शांति भंग जैसी गतिविधियों में लिप्त हो, तो तुरंत थाना पुलिस को जानकारी दें, ताकि समय रहते आवश्यक कानूनी कदम उठाए जा सकें। सरोना थाना की इस पहली कार्यवाही ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर अब सख्त नजर रखी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### लोकेश बने छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन कोंडागांव के जिलाध्यक्ष



**केशकाल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के नियमावली (संविधान) से प्राप्त अधिकार तथा साधारण/आमसभा 18 अप्रैल 2025 के निर्णय अनुसार एतद द्वारा नियम-12(स)के अंतर्गत लोकेश गायकवाड़, व्याख्याता को छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई कोंडागांव के अध्यक्ष पद पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश चटरजी जी ने नियुक्ति दी है। उन्होने यह महत्वपूर्ण दायित्व गायकवाड़ के पूर्व संघठन मध्य प्रदेश मे संभागीय सचिव. छत्तीसगढ़ मे राजपत्रित संघ के जिलाध्यक्ष. संयुक्त कर्मचारी परिषद के संयोजक व कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला कोंडागांव के सह जिला संयोजक बनकर सफ़लता पूर्वक कार्य करने के फलस्व रूप शिक्षक फेडरेशन का जिलाध्यक्ष कोडा गाव नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर अखिलेश जीआरड़ी तिवारी जगदलपुर, शिवराज सिंह, निर्मल शार्दूल, केदार जैन, चमन वर्मा, सुकमन नेताम, वाई देवांगन, क. शिक्षा परिसर बहीगांव के समस्त स्टाफ ने बधाई दी है।

### कम्प्यूटर कौशल एवं साक्षात्कार परीक्षा होगी 19 नवंबर को

**कोण्डागांव।** मिशन शक्ति योजना के तहत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन के लिए कार्यालय सहायक के संविदा पद पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में 17 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक दावा–आपत्ति आमंत्रित की गई थी। निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी अभ्यर्थी द्वारा दावा–आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। यह सूची अब जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर देखी जा सकती है। सूची में शामिल अभ्यर्थियों के लिए कम्प्यूटर कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन 19 नवंबर 2025 को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। परीक्षा स्थल कलेक्टर कार्यालय, कोंडागांव के कक्ष क्रमांक 74 निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन ने संबंधित अभ्यर्थियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की है। यह परीक्षा महिला सशक्तिकरण केन्द्र में पारदर्शी एवं योग्यताधारित भर्ती प्रक्रिया को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 'बस्तर ओलंपिक' सामाजिक परिवर्तन का माध्यम : विधायक उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को खेलो इंडिया मैदान, कनेरा रोड में जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का भव्य शुभारंभ हुआ। जनप्रतिनिधियों और खिलाड़ियों के बीच हुई मित्रवत रस्साकस्सी ने कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना दिया।

बस्तर संभाग के अंदरूनी क्षेत्रें की प्रतिभाओं को पहचान देने और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन पूरे संभाग में किया जा रहा है। कोंडागांव जिले में 59,609 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। ब्लॉक स्तर पर सफल आयोजन के बाद अब जिला स्तरीय मुकाबले शुरू हो गए हैं, जो 15 नवंबर तक चलेंगे।

## विधायक लता ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

खेलों से बदल रहा है बस्तर का चेहरा जनप्रतिनिधियों और खिलाड़ियों के बीच हुई रोमांचक रस्सा-कसी



### खेलों से विकास, विश्वास की भावना साकार

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित बस्तर ओलंपिक ने बस्तर के युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास जगाया है। अब बस्तर के युवा बंदूक नहीं, बल्कि तीरंदाजी, कबड्डी, हॉकी और जुडो के मैदानों से अपनी पहचान गढ़ रहे हैं। खेलों के माध्यम से क्षेत्र में सामाजिक एकता, अनुशासन और सकारात्मक माहौल का निर्माण हो रहा है यही है खेलों से विकास, खेलों से विश्वास का सच्चा स्वरूप।*

खिलाड़ियों के लिए भोजन, स्वास्थ्य जांच, पेयजल और बैठने की व्यवस्था की गई है।

### खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

मुख्य अतिथि लता उसेंडी ने कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेल नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। यह आयोजन युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ने का अवसर दे रहा है। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी मैदान में मेहनत करेगा, उसका समय अवश्य आएगा। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने खिलाड़ियों से पूरे मनोयोग से भाग लेने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि यह आयोजन पारंपरिक और आधुनिक खेलों का संगम है, जो ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त मंच बन गया है।

धान खरीदी एवं बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा की

# कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आज आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य की प्रगति का विवरण लेते हुए गणना पत्रक वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि एसआईआर अभियान के तहत गणना पत्रक वितरण शीघ्रता से पूर्ण किया जाए और बीएलओ एप में ऑनलाइन एंट्री समय पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वालंटियर्स को उचित प्रशिक्षण देकर बीएलओ के सहयोग में लगाया जाए, जिससे मतदाता सूची अद्यतन कार्य समय पर पूर्ण हो सके। बैठक में श्रम विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना प्रकरणों में बीमा राशि भुगतान, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड निर्माण की स्थिति, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना तथा उज्ज्वला योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा आगामी बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध रूप से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### अवैध धान परिवहन, भंडारण और विक्रय पर रखें नजर

बैठक में धान खरीदी सीजन 2025–26 की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया कि किसानों के पंजीयन से संबंधित लंबित प्रकरणों का समितिवार निराकरण शीघ्र किया जाए। साथ ही अवैध धान परिवहन, भंडारण और विक्रय पर सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि खरीदी प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए समिति कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाए ताकि खरीदी कार्य बिना बाधा के संपन्न हो।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने नागरिकों की सुनी समस्याएं

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम पंचायत मांझी बोरण्ड के ग्रामीणों ने ढोडरापारा से पटेलपारा तक पुल



एवं सड़क निर्माण की मांग रखी। वहीं ग्राम कचोरा के ग्रामीणों ने हाई स्कूल में गणित एवं संस्कृत विषय के शिक्षक की नियुक्ति की मांग की। ग्राम बागबेड़ा के किसानों ने एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने की समस्या से अवगत कराया। इन सभी प्रकरणों पर कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदार को तत्काल जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में नागरिकों द्वारा राजस्व प्रकरण, वन अधिकार पत्र, आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था, सड़क एवं पुल निर्माण, और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत की गईं। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए और आवेदकों को प्रगति की जानकारी भी दी जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन थाना क्षेत्रों में अवैध शराब और जुए पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

नारायणपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई



जिले में पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया के मार्गदर्शन में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों छोटे डोंगर, फ़ारसगांव एवं भरंडा में पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। थाना छोटे डोंगर पुलिस को अवैध शराब बिक्री की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान आरोपी निरंजन पाल पिता चिंता हरण पाल, उम्र 74 वर्ष, निवासी छोटे डोंगर को पकड़ा गया। आरोपी के पास से कुल अवैध शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया।

- छोटे डोंगर व फ़ारसगांव में शराब कारोबारियों पर छापेमारी

**जब्त की गई सामग्री**

मैकडॉवेल क्वार्टर – 57 नग
आर.एस. क्वार्टर – 57 नग
फ्रंटलाइन क्वार्टर – 17 नग
जम्मू स्पेशल व्हिस्की क्वार्टर – 53
बीयर – 55 नग
प्लेन क्वार्टर – 56

**थाना फ़ारसगांव पुलिस की कार्रवाई**

इसी क्रम में थाना फ़ारसगांव क्षेत्र में विक्की ढाबा में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर दबिश दी गई। जहां से आरोपी प्रकाश कुलदीप पिता गुड़िया राम कुलदीप, उम्र 35 वर्ष, निवासी फ़ारसगांव को पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 अ (1) के तहत कार्रवाई की गई है। जब्त सामग्री – मूड ऑफ़ (375 मिली) : 6 बीयर : 4

### थाना भरंडा पुलिस की कार्रवाई

थाना भरंडा क्षेत्र में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं। जुआ खेलते समय आरोपियों से 3000 नगद रकम एवं ताशपत्ती जब्त कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी

सूरज सहारे पिता राजेन्द्र सहारे, (30) तेजेश्वर आमड़े पिता स्व. माधव आमड़े, (27), त्रिलोक यदु पिता स्व. उध्यराम यदु, (26), देवेश कुमार पटेल पिता सुरेश कुमार, (24), धनेश्वर कौड़ो पिता चेनुराम कौड़ो, (28)।

# प्रेरणा पथ कार्यक्रम में युवाओं को मिला सफलता का मंत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला प्रशासन द्वारा संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा पथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त तिवारी ने विद्यार्थियों से चर्चा की और उन्हें सफलता के सूत्र बताए।

श्री तिवारी ने कहा कि सफलता कभी भी अचानक नहीं मिलती, बल्कि निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प से प्राप्त होती है। उन्होंने युवाओं से कहा किसी को सफलता जल्दी मिलती है, किसी को देर से, लेकिन मेहनत का फल हर किसी को अवश्य मिलता है। पहला चरण पुस्तक को सिर्फ पढ़ें, विषय की रूपरेखा और सार समझें। दूसरा चरण पेंसिल लेकर पढ़ें, महत्वपूर्ण बातों को अंडरलाइन करें और कठिन बिंदु चिन्हित करें। तीसरा चरण शंकाओं का समाधान करें और पुराने प्रश्नपत्रें से तुलना करें। उन्होंने कहा कि केवल तथ्य याद करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि कॉन्सेप्ट्स को समझना जरूरी है ताकि ट्रिकी प्रश्नों का सामना किया जा सके।

### समाचार–पत्र पढ़ना बनाएं दिनचर्या का हिस्सा

श्री तिवारी ने कहा कि अभ्यर्थियों को दो अख़बारों का नियमित अध्ययन करना चाहिए एक से करेंट अफेयर्स और दूसरे से विश्लेषणात्मक –ष्टिकोण विकसित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पेज 1–2, खेल, देश–विदेश और संपादकीय पेज पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। अभ्यर्थियों के प्रश्नों पर मिले व्यावहारिक उत्तर। इस आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सही दिशा व रणनीति प्रदान करना रहा। प्रेरणा पथ कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कोई भी पथ आसान नहीं होता, उसे आसान हमें ही बनाना पड़ता है।

# बाइक से गिरकर शिक्षिका और पति घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव





फरसगांव ब्लॉक स्थित ग्राम बड़ेडोंगर में बुधवार को शाम करीब 4:30 बजे जल जीवन मिशन के गड्ढे के कारण एक हादसा हो गया। गड्ढे के कारण बाइक से गिरकर शिक्षिका मीरा नाग और उसके पति महेश नाग निवासी बड़ेडोंगर घायल हो गए, घायलों को जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग के द्वारा अपनी वाहन से उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में लाकर भर्ती किया है, हादसे में शिक्षिका का हाथ टूट गया है, जिन्हें बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया। जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग ने कहा कि जल जीवन मिशन के ठेकेदार की लापरवाही के चलते हैं सड़क हादसा हुआ है, ठेकेदार के द्वारा पाइप लाइन हेतु रोड पर गड्ढे को खुदा गया है। लेकिन उसमें ठीक से मिट्टी नहीं पाटने से गड्ढे अभी भी है और इसी गड्ढे के कारण अक्सर सड़क हादसे हो रहे हैं , वही आज स्कूल से घर जाने के दौरान बाइक सवार शिक्षिका अपने पति के साथ बाइक गिर कर घायल हो गए, इस गड्ढे कारण कई हादसे हो चुके हैं। यह हाल पूरे कोंडागांव जिले का है जहां जल जीवन मिशन के तहत रोड में खोदे गए गड्डो के कारण कई लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए है लेकिन संबंधित ठेकेदार के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य जयलाल ने कहा कि ऐसे लापरवाह ठेकेदारों पर कार्यवाही होनी चाहिए। अगर इन पर कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की जनता इस समस्या को लेकर जल्द ही कलेक्टर से मुलाकात करेंगे और संबंधित ठेकेदार पर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। वहीं फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम फरसगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण के लिए पहुंचे हुए थे, जिन्होंने घायल शिक्षिका और उसके पति से बातचीत कर बेहतर उपचार हेतु संबंधित डॉक्टर को निर्देश दिए। प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया है ।

- ठेकेदार की लापरवाही से हुआ हादसा सड़क पर खुले गड्ढे बन रहे खतरा : नाग

## सड़क हादसा ने युवक की ली जान तेज रफ्तार बना हादसा का कारण



**पखांजुर।** क्षेत्र में सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। ग्राम पीव्ही 43 निवासी 19 वर्षीय दीप बढ़ाई पिता महानंद मोटर सायकल में सवार था तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक के मोटर सायकल को टक्कर मार दिया। गंभीर चोट आने से युवक का मौत हो गया। मौके पर उपस्थित राहगीरों ने बताया कि दीप बढ़ाई पखांजुर के दुकान में काम करता था। सोमवार की रात लगभग 10 बजे वह काम समाप्त कर मोटर साकयल से अपने गांव पीव्ही 43 जा रहा था। जब वह गांव के भीतर अपने घर से महज 500 मीटर की दूरी पर था तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक के सिर में गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की खबर मिलते ही गांव के लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल दीप को तुरंत सिविल अस्पताल पखांजुर ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही दीप दम तोड़ दिया था। मृतक दीप बढ़ाई अपने परिवार के इकलौते बेटा था। उनकी असामयिक और दर्दनाक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पखांजुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

वन प्रबंधन समिति को मिनी राइस मिल धन कुट्टी मशीन दी गई

# वन मंत्री ने किया नवीन वनमंडल कार्यालय भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य तथा बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेण्डी की अध्यक्षता में कोंडागांव वनमंडल के नवीन कार्यालय भवन का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंत्री श्री कश्यप ने भवन निर्माण की आधारशिला रखी और इस उपलब्धि को वन विभाग के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। वन मंत्री द्वारा ग्राम हिरामांदला की वन प्रबंधन समिति को मिनी राइस मिल धन कुट्टी मशीन प्रदान की गई। उन्होंने सदस्यों को सामूहिक समन्वय और सावधानीपूर्वक उपयोग के माध्यम से आय में वृद्धि के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में श्री कश्यप ने कहा कि नवीन भवन निर्माण से विभागीय कार्योंं में सुविधा बढ़ेगी और कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा होगा। उन्होंने कहा कि वन विभाग केवल संरक्षण नहीं बल्कि ग्रामीणों की प्रगति का माध्यम है। उन्होंने जानकारी दी कि मर्दापाल और पुसपाल में ईको–टूरिज्म, देवगुड़ी दरबार और रिवर राफ्टिंग जैसी गतिविधियों के विकास के लिए 7.62 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। वन मंत्री ने ग्रामीणों से अपील की कि अवैध कटाई और वन अपराधों की रोकथाम में सहयोग करें। उन्होंने वन अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध वनोपज व्यवसाय पर सख्त निगरानी रखी जाए। वनमंडल के माध्यम से पिछले दो वर्षों में संयुक्त वन प्रबंधन समितियों द्वारा ग्रामीणों को चक्रीय निधि ऋण और किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इस योजना के तहत 892 हितग्राहियों की 1237.96 एकड़ भूमि में 11,88,590 पौधों का रोपण किया गया है, जिससे आगामी वर्षों में निश्चित आय प्राप्त होगी। वनमंडल में 5 वनधन केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां कोदो, कुटकी, रागी जैसी फसलों का प्रसंस्करण किया जा रहा है। अब इन केन्द्रों को उन्नत कर इमली ब्रिक्स, इमली कैंडी और तिखुर उत्पादों के प्रसंस्करण की दिशा में कार्य किया जाएगा। विभाग द्वारा 500 हेक्टेयर वनौषधि रोपण कार्य पूरा किया गया है, जिसे 5000 हेक्टेयर तक विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। इस वनमंडल में 29,565 तेंदूपत्ता संग्राहकों को 7.04 करोड़ रुपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि संसाधनों के अभाव में कई बार कार्य प्रभावित होते हैं, परंतु वन मंत्री के नेतृत्व में अब वन विभाग को एक नया आयाम मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन वनमंडलाधिकारी चूड़ामणी सिंह ने किया तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, मुख्य वनसंरक्षक राजेश कुमार चंदेले सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

छात्र–छात्राओं को सिखाए गए डिजिटल सुरक्षा के तरीके

# माकड़ी पुलिस ने कॉलेज में चलाया सायबर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

नवीन शासकीय महाविद्यालय माकड़ी में आज माकड़ी पुलिस द्वारा सायबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को सायबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा भापुसे के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। थाना माकड़ी प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल ने छात्रें को सायबर अपराधों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

- महिला अपराध यातायात नियम और नशामुक्ति पर भी दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



### महिला अपराध, आपराधिक कानून और नशामुक्ति पर भी चर्चा

कार्यक्रम में महिला एवं बाल सुरक्षा, भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों, तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रें को बताया गया कि मादक द्रव्यों से दूरी बनाना ही जीवन की सबसे बड़ी जीत है। निरीक्षक बघेल ने बताया कि ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग धोखाधड़ी और सोशल मीडिया हैकिंग आज के समय के सबसे तेजी से बढ़ते अपराध हैं। उन्होंने छात्रें को सलाह दी कि कोई भी संदिग्ध लिंक या कॉल पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, और हर ऑनलाइन गतिविधि में सतर्क रहें।

### यातायात नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा की गारंटी

छात्रें से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया। हेलमेट पहनने, ओवरस्पीडिंग से बचने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की सलाह दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से वालेंटियर गुलशन नेताम ने छात्रें को विधिक सहायता और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया।

### कॉलेज प्राचार्य और प्रोफेसरों ने किया सहयोग

कार्यक्रम में संस्था प्रमुख विन्दयाधर निरोजी सहित प्रोफेसर गोविंद दयाल माहला, डॉ. दिलेश्वर पटेल, रमनदेव मेश्राम, मनीष यादव, सुश्री शांता खैरवार, श्रीमती अफसाना बेगम और सौरभ देवांगन उपस्थित रहे। कॉलेज के सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## पेज 9 के शेष

### बिना रायलटी लौह...

है। खनिज विभाग ने इस मामले की सही ढंग से जाँच किया तो बड़ा मामला प्रकाश में आ सकता है। जगदलपुर में यह खेल लंबे समय से चला आ रहा है। खनिज विभाग इस मामले में लीपापोती करती है या कड़ी कार्यवाही करती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। रैक से किस प्रकार से चोरी करके लौह अयस्क को पार किया जा रहा था, इसकी कहानी अभी तक सामने नहीं आई है। एक ट्रक पर कार्यवाही करने वाले खनिज विभाग का अमला अभी कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। मामला जगदलपुर का होने के चलते जगदलपुर खनिज विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया गया, परंतु उन्होने मौन साध लिया। इसकी खबर जगदलपुर फैलते ही लौह अयस्क के माफियाओं में हडकंप मच गया है। लौह अयस्क कंपनी इस मामले में किस तरह से कार्यवाही करती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### 6 सूत्रीय मांगों...

नीति को पारदर्शी बनाना और स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देना शामिल रहा। प्रशासन के लिए यह आंदोलन बड़ी चुनौती साबित हुआ। 24 घंटे तक यातायात और व्यापारिक गतिविधियां पूरी तरह प्रभावित रहीं। स्थिति नियंत्रण में बनाए रखने के लिए एएसपी आईपीएस आकाश श्रीमाली, जिला खनिज अधिकारी सनत साहू, एसडीएम गंगाधर वाहिले, डीएसपी योगेश साहू और थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख दल-बल सहित मौके पर मौजूद रहे।

### उमरादाह में राष्ट्रपिता...

और जनपद पंचायत अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति का सम्मान पूरे देश का सम्मान है। ऐसी मूर्तियों की मरम्मत व संरक्षण की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होनी चाहिए। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऐसी घटनाएँ समाज में गलत संदेश देती हैं। राष्ट्रपिता के आदर्शों पर चलने का संदेश देने वाले स्थलों की उपेक्षा करना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने जल्द से जल्द मूर्ति के पुनर्निर्माण, अटल चौक के सौंदर्यीकरण एवं दोषियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

### सामाजिक जागरूकता व...

जाएगा। सामाजिक स्तर पर की जा रही इस जागरूकता का उद्देश्य समाज की एकता को बनाए रखना और पारंपरिक आस्था को सशक्त बनाना है।

ग्राम पंचायत मुड़पार में आयोजित इस कार्यक्रम में सरपंच गंगाराम शोरी, सियाराम शोरी, ग्राम पटेल अमर सिंह कुमेटी, ग्राम समिति अध्यक्ष रामचंद मंडावी, उपसरपंच राजकुमार कश्यप, मोहन यादव, कमल ध्रुवा, श्याम सिंह कोडोपी, दशरथ मरकाम, राजेन्द्र मंडावी, अनिल मंडावी, बीरेंद्र जैन, चैत नेताम, नंदकिशोर मंडावी, गोविन्द वट्टी, सोनाराम यादव, दिनेश यादव, अजीत मंडावी, राधेश्याम खिलाड़ी, बसंत मंडावी, उकेश नेताम, नील कुमार, प्यारे लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ओलंपिक के समापन पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में आयोजित बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का 11 नवंबर को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

■ जिला स्तरीय आयोजन 13 व 14 नवंबर को मिनी स्टेडियम में होगा






कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य करते हैं और युवाओं में खेल भावना एवं ऊर्जा का संचार करते हैं। समापन समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी, कलेक्टर संबित मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, एसडीएम जागेश्वर कौशल तथा डिप्टी कलेक्टर एनपी गवेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में अपना शानदार प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे जिले का नाम प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक में शामिल होंगे। जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 13 एवं 14 नवंबर को बीजापुर मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के खेल विभाग सहित संबंधित विभाग द्वारा संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित कर ली गई है।

## खबर संक्षेप

### मृतक के परिजन को सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** वाहन दुर्घटना में बालसिंह कोवासी की मृत्यु होने के फलस्वरूप पत्नी आवेदक दशमती कोवासी को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है।

### भारी भरकम बिजली बिल से मिली मुक्ति



**दंतेवाड़ा।** नगर की जीएडी कॉलोनी में रहने वाली गृहणी रीता मिश्रा के लिए अपने घर में रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाना एक समझदारी भरा निर्णय रहा। वरना इससे पहले हर महीने आने वाले भारी भरकम बिजली बिलों से उनके घर का बजट गड़बड़ा जाता था। परन्तु सोलर पॉवर प्लांट लग जाने से उनके घर का बिजली बिल जैसे जीरों की श्रेणी में आ गया है। वे मानती है कि इससे उन्हें काफी राहत मिली। वर्तमान में आधुनिक जीवन शैली के अनुरूप हर घर में इलेक्ट्रॉनिक उपभोक्ता सामग्रियों जैसे टीवी, कूलर, फ्रिज, पंखे, एयरकडीशनर, इलेक्ट्रिक आयरन, कम्प्यूटर, के चलते बिजली की अधिक खपत होना आम बात हो गई है। इस योजना के लिए हितग्राहियों को राज्य एवं केन्द्र शासन द्वारा न केवल आकर्षक अनुदान दिया जा रहा है बल्कि इसके जरिये उपभोक्ता अतिरिक्त उत्पादित बिजली को बेचकर अतिरिक्त कमाई भी कर सकेगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को सर्वप्रथम पीएम सूर्य घर के पोर्टल पर जाकर पंजीयन कराना होगा। पोर्टल में पहले राज्य का चुनाव और बिजली वितरण कंपनी को चुनने के बाद अपना उपभोक्ता नम्बर और मोबाईल नंबर डालकर मेल करना होगा। इस तरह लॉगिन करने के बाद रूफटॉप सोलर पावर प्लांट' का आवेदन की प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी होगी। इसी पोर्टल में हितग्राहियों को अनुमोदन प्राप्त होगा और पंजीकृत वेंडरों के नाम भी आ जाएगें। इस प्रकार इंस्टॉलेशन पूरी होने के बाद उसी पोर्टल में पीएम सूर्य घर का विवरण भेज कर नेट मीटर के लिए आवेदन करना है। इसके साथ ही आगे का पूरा काम विद्युत वितरण कंपनी एवं वेडरों द्वारा किया जाएगा। इस तरह हितग्राहियों को सब्सिडी और छत पर लगा बिजली घर सक्रिय हो जाएगा। भारत सरकार ने इस योजना के लिए बैंकों से 6:5 से लेकर 7 प्रतिशत ब्याज दर ऋण उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की है।

# जेल से दीवार फांदकर फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला जेल दन्तेवाड़ा से दीवार फांदकर फरार हुये शातिर आरोपी महेन्द्र दीवान को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। अपराधी महेन्द्र दीवान 4 अप्रैल से जेल से फरार था, जिसकी दन्तेवाड़ा पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। आरोपी को पूर्व में पकड़ने के लिये नारायणपुर, बीजापुर, बस्तर जिले में भी रेड कार्यवाही की गई थी। उक्त आरोपी चालाक और शातिर प्रवृत्ति का है, जो समय-समय पर अपना ठिकाना बदलता रहता था। पुलिस द्वारा लगातार आरोपी के मुव्हमेंट में नजर बनाकर एवं मुखबीर लगाकर रखे गये थे।

मुखबीर से आरोपी ग्राम चितालंका कलारपारा जंगल क्षेत्र में छिपा होने की सूचना 10 नवम्बर को मिला। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर थाना दन्तेवाड़ा, सायबर सेल एवं डीआरजी दन्तेवाड़ा को मिलाकर 4 अलग-अलग टीम बनाकर चितालंका कलारपारा जंगल क्षेत्र में घेराबंदी कर सर्च करने पर आरोपी महेन्द्र दीवान को पकड़ने में सफलता मिली। आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा में 1 अपराध, थाना गीदम में 2 अपराध, जिला बस्तर के थाना परपा में 1 अपराध, कुल 4 अपराध पंजीबद्ध है।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) उदित पुष्कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राहुल उयके के पर्यवेक्षण में एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में जिले में हो रहे अपराधों, अवैध कार्यों के रोकथाम एवं फरार आरोपियों, संदिग्ध व्यक्तियों के धर-पकड़ के लिए अभियान चलाये जा रहा है।

# रुपसिंह का दरभा मंडल के डिलमिली में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष पद पर रुपसिंह मंडावी की नियुक्ति हुई हैं। नियुक्ति पश्चात रुपसिंह मंडावी का प्रथम आगमन बस्तर में हुआ हैं, इसके पश्चात इनके स्वागत अभिनंदन का दौर जारी हैं।

बस्तर आने के पश्चात मंडावी बुधवार को मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेने दंतेवाड़ा के लिए रवाना हुए, जगह-जगह पर उनका स्वागत हुआ। इसी क्रम में दरभा भाजपा मंडल के भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने डिलमिली के पास राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर उनका स्वागत पुष्प हार और डोल बाजे के साथ किया। मंडावी ने अपने भावभीनी स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और सबको दंतेवाड़ा चलने के लिए आग्रह किया। जनजाति आयोग के अध्यक्ष के साथ काफिले में भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे, जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल, खेमसिंह देवांगन आदि मौजूद थे। जबकि भाजपा मंडल दरभा की ओर से स्वागत कर्ताओं में जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी, मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम, महादेव नाग, मुन्नू सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, दुर्जुन कश्यप, विघ्ननेश्वर बाकड़े, बली राम मांझी, मनीराम मंडावी, दिनेश पांडे, सहादेव कश्यप, पूरन, सुकरू, फागु, फगनू, सुखमन आदि कार्यकर्ता शामिल रहें।

# भाजपा में आदिवासी नेताओं का अपमान, दमन और हितैषी होने का ढोंग बेनकाब : विमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आदिवासियों की हितैषी होने का ढोंग रचने वाली भाजपा का असली चेहरा अब सामने आ चुका है। दंतेवाड़ा जिले में भाजपा के ही स्थानीय व ग्रामीण आदिवासी नेता राजेश कश्यप को सिर्फ सच्चाई कहने और क्षेत्र में विकास कार्यों के ठप रहने की वास्तविकता बताने पर भाजपा जिला द्वारा नोटिस जारी किया गया है। यह घटना स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि भाजपा संगठन में आदिवासी नेताओं को न केवल दबाया जा रहा है, बल्कि उन्हें सच्चाई बोलने पर प्रताड़ित भी किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जब सामान्य वर्ग के रसूखदार भाजपा नेता संगठन और सरकार के खिलाफ खुलेआम बयानबाजी करते हैं, तब उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। यह भाजपा के दोहरे मापदंड और आदिवासियों के प्रति भेदभावपूर्ण रवैये को उजागर करता है। जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री विमल सलाम ने कहा कि भाजपा सिर्फ आदिवासी समाज का उपयोग वोट बैंक के रूप में करती है, लेकिन जब कोई आदिवासी नेता सच बोलता है तो उसे अपमानित किया जाता है। कांग्रेस पार्टी सदैव आदिवासी समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आदिवासी नेताओं को संगठन में केवल प्रतीक के रूप में रखा गया है या उन्हें समान सम्मान देने की उनकी कोई मंशा भी है। मुख्यमंत्री आदिवासी, मंत्री आदिवासी, संसद सदस्य आदिवासी, विधायक आदिवासी होने के बावजूद भाजपा अपने ही आदिवासी नेताओं और पदाधिकारियों का अपमान करने से बाज नहीं आ रही है। यह साबित करता है कि भाजपा के लिए आदिवासी केवल सत्ता की सीढ़ी हैं, सम्मान और अधिकारों के भागीदार नहीं।



# जैविक कृषि को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी की अध्यक्षता में गौधाम योजनान्तर्गत जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय नामित अध्यक्ष एवं सदस्यों की प्रथम समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्ष मुड़ामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दंतेवाड़ा जिला पहले से ही जैविक जिला घोषित है, और गौधाम योजना के प्रभावी संचालन से जिले में जैविक कृषि को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इस योजना से कृषक एवं पशुपालक दोनों वर्ग लाभान्वित होंगे। यह योजना न केवल आर्थिक प्रगति का माध्यम बनेगी बल्कि जैविक उत्पादों के विस्तार से आमजन के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मुड़ामी ने कहा कि इस योजना को सफल बनाने हेतु व्यक्तिगत स्तर पर विशेष पहल और जिम्मेदारी की आवश्यकता है। बैठक में गौधाम योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उपस्थित सदस्यों से मिले सुझावों को कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया। सभी अध्यक्षों एवं सदस्यों ने जिले में गौठानों की संख्या बढ़ाने, विशेष रूप से कुआकोंडा एवं कटेकल्याण विकासखण्डों में, पर बल दिया। साथ ही, योजना को टिकाऊ बनाये रखने के लिए आजीविका से जोड़ने के विविध पहलुओं पर भी गहन चर्चा की गई। चूंकि दंतेवाड़ा जिला एक जैविक कृषि क्षेत्र के रूप में पहचान बना चुका है, अतः गौधामों के माध्यम से जैविक खेती के प्रचार-प्रसार में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस बिंदु को ध्यान में रखते हुए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अधिकतम पशुपालकों को योजना से जोड़ने के लिए विशेष पहल करने पर सहमति जताई।

बैठक के अंत में जिला एवं सभी विकासखण्ड अध्यक्षों ने इस योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने हेतु हर संभव सहयोग और समन्वय स्थापित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एसडीएम लोकांश एल्मा, पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक श्यामा मालवीय, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पदोन्नति में दिव्यांग आरक्षण की अनदेखी शासन के आदेश को दिखाया जा रहा ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी प्राचार्य पदोन्नति सूची में दिव्यांग शिक्षकों को आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने पर छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ने गहरी आपत्ति दर्ज कराई है। संघ ने इसे दिव्यांग कर्मचारियों के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है और शासन से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।



■ छग शालेय शिक्षक संघ ने जताया विरोध

संघ का कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2014 से लेकर 2025 तक कई बार यह स्पष्ट किया गया है कि राज्य शासन के अंतर्गत सभी विभागों में पदोन्नति प्रक्रिया के दौरान दिव्यांग कर्मचारियों को 3 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ अनिवार्य रूप से दिया जाए। इसके बावजूद, वर्तमान प्राचार्य, व्याख्याता एवं अन्य पदोन्नति प्रक्रिया में दिव्यांग वर्ग की अनदेखी कर दी गई, जो कि शासनादेशों का खुला उल्लंघन है। इसके संबंध में संघ ने बार-बार उच्च कार्यालय को इस संबंध में पत्राचार भी किया लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदारों के उदासीनता और अड़ियल रवैया के चलते कई दिव्यांगों को अपने अधिकारों से वंचित होना पड़ा। शासन के क्रमवार आदेश जिनमें दिव्यांग आरक्षण का स्पष्ट प्रावधान है। सामान्य प्रशासन विभाग नया रायपुर के आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में पदोन्नति में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 3 प्रतिशत पद क्षैतिज आरक्षित रहेंगे। आदेश के अनुसार प्रत्येक विभाग अपने संवर्ग में 100 बिंदु क्षैतिज आरक्षण रोस्टर तैयार करेगा। इसी संदर्भ में भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का ज्ञापन 17 जनवरी 2018 में केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि दिव्यांग को नियुक्ति के साथ-साथ पदोन्नति में भी 3 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए और यह सभी संवर्गों पर समान रूप से लागू होगा।

छत्तीसगढ़ शासन आदेश प्रसारित किया इसमें पुनः यह उल्लेख किया गया कि दिव्यांग शिक्षकों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ प्रदान किया जाए तथा सभी अधीनस्थ कार्यालय सुनिश्चित करें कि संबंधित आदेशों का पालन हो। दिव्यांगता अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 34 पर्सनल डिसेबिलिटी एक्ट 2016 अधिनियम की धारा 34 में यह स्पष्ट प्रावधान है कि प्रत्येक सरकारी संस्था में नियुक्तियों और पदोन्नतियों में कम-से-कम 4 प्रतिशत स्थान विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित रहेंगे।

# जोरशोर से चलाया जा रहा एसआईआर ईएफ फॉर्म वितरण कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बारसूर नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाता सूची अद्यतन कार्य को लेकर निरंतर प्रगति पर है। इस क्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बारसूर द्वारा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर गणना पत्रक फॉर्म-6, 7, 8 का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कटेकल्याण द्वारा भाग संख्या 167 कटेकल्याण-1, 168 कटेकल्याण-2 तथा 169 बेंगुलूर में एसआईआर ईएफ फॉर्म वितरण कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने फील्ड में जाकर बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से जानकारी प्राप्त की तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं, तहसीलदार गीदम एवं सुपरवाइजर द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अधिकारियों ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने एवं अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम जोड़े जाने के निर्देश दिए।

# कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ई-ऑफिस क्रियान्वयन के लिए हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



शासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता और गति लाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज ई-ऑफिस क्रियान्वयन के संबंध में एक दिवसीय व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर प्रीतम साहू एवं बुद्ध बिहारी तंबोली ने प्रतिभागियों को ई-ऑफिस प्रणाली के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्यालयीन कार्यों को पूर्णतः पेपरलेस बनाया जा सकेगा, जिससे फाइलों की गति में तेजी आएगी और कार्यों के निस्तारण में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। प्रशिक्षकों ने फाइल प्रबंधन, दस्तावेजों के डिजिटलीकरण, ई-नोटिंग, अनुमोदन प्रक्रिया, ट्रैकिंग प्रणाली, डिजिटल हस्ताक्षर एवं डाटा सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि ई-ऑफिस न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि इससे कागज की खपत में भारी कमी आएगी।

# खेलो इंडिया निरीक्षण दल ने धरमपुरा खेल परिसर और इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम का लिया जायजा



**जगदलपुर।** खेलो इंडिया निरीक्षण दल ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान धरमपुरा खेल परिसर और इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा इन स्थलों को तीरंदाजी, एथलेटिक्स और मलखंभ खेलों के आयोजन के लिए चिन्हित किया। इस अवसर पर उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में ममता ओझा (डायरेक्टर, खेलो इंडिया दिल्ली), श्रीनिवास मालेकार (उपसंचालक), गोपाल कंदपाल, आदित्य ब्म्हे, राज्य खेल संचालक तनुजा सलाम तथा स्थानीय खेल अधिकारी गिरीश शुक्ल, टीएन रेड्डी, सुनील पिल्ले, कोटेश्वर नायडू और प्रदीप साहू उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं सहायक संचालक (खेल एवं युवा कल्याण) ऋषिकेश तिवारी ने बस्तर जिले की तैयारियों और आयोजन की रूपरेखा से दल को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दोनों मैदानों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं ताकि खिलाड़ियों को उत्कृष्ट माहौल मिल सके।

# युवा उद्यमी ने साझा की अपनी सफलता की बातें



**गीदम।** संस्थान नवाचार परिषद के तत्वावधान में सफल उद्यमियों द्वारा मेरी कहानी विषय पर एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में भोर ऑर्गनाइजेशन, दंतेवाड़ा के संस्थापक एवं अध्यक्ष तरुण कुमार कोर्राम मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कोर्राम ने अपने जीवन की प्रेरक कहानी साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद भोर ऑर्गनाइजेशन की स्थापना की, जो आज ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सफलता का मार्ग चुनौतियों से होकर गुजरता है, लेकिन यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और नीयत सच्ची हो, तो हर कठिनाई अवसर में बदल सकती है। कोर्राम ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और स्थानीय स्तर पर उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

# सर्वर डाउन होने से नहीं हो पा रही ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

■ अधिकांश महिलाओं की महतारी वंदन योजना की राशि अटकी

राज्य शासन की महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की राशि दी जाती है, लेकिन हाल के दिनों में कई महिलाओं के खाते में राशि आना बंद हो गया है।

विभागीय जांच में पता चला कि अधिकांश लाभार्थियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया अधूरी है। लाभार्थी महिलाओं ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में ई-केवाईसी का कार्य जारी है, लेकिन सर्वर बार-बार डाउन होने से महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है। नवागांव वार्ड समेत कई स्थानों पर चिन्हांकित हितग्राहियों को बुलाया गया, पर सर्वर समस्या के कारण कार्य पूरा नहीं हो सका और महिलाओं को लौटना पड़ा। च्वाइस सेंटर के संचालकों ने बताया कि यह सर्वर महिला एवं बाल विकास विभाग का है, जो कई दिनों से तकनीकी दिक्कत में है। लाभार्थी महिला शांति विश्वकर्मा, रजनी विश्वकर्मा, राधादेवी, कुमारी बाई देवयानी ने विभाग से जल्द समाधान की मांग की है ताकि योजना की राशि नियमित रूप से उनके खातों में पहुंच सके।

इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी चाही गई लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया। महिलाएं उम्मीद कर रही हैं कि विभाग जल्द कार्रवाई कर इस तकनीकी समस्या का समाधान करेगा।

## खबर संक्षेप



### टीचर्स एसो. ने एचएम पद पर पदोन्नति की मांग की

**चारामा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कांकेर ने एचआर सोम संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग से मुलाकात कर प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला एवं प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला की वरिष्ठता सूची की विभिन्न त्रुटियों का निवारण कर पदोन्नति के लिए रिक्त पदों को अद्यतन कर शीघ्र पदोन्नति करने की मांग की। संयुक्त संचालक ने एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि वरिष्ठता सूची में सुधार का कार्य जारी है। शीघ्र ही वरिष्ठता सूची प्रकाशित कर उस पर दावा आपत्ति आमंत्रित किए जाएंगे। दावा आपत्ति के निराकरण के पश्चात शीघ्र ही पदोन्नति सूची जारी की जाएगी। इस अवसर पर संगठन के प्रवीण श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, स्वदेश शुक्ला, राजेंद्र खुड़श्याम, सास्वत साहू उपस्थित रहे।

### 149 उपार्जन केन्द्रों में 15 से धान खरीदी, अवैध परिवहन रोकने बने 18 चेक पोस्ट

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 तक किया जाना है। धान खरीदी के लिए जिले 91726 किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन किया गया है। पंजीकृत किसानों से 118 समिति अंतर्गत 149 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य के लिए उपार्जन केन्द्र स्तर पर नोडल अधिकारी निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिले के उपार्जन केन्द्रों में अन्य राज्यों से कोचियों व बिचौलियों द्वारा धान लाकर बेचने को रोकने के लिए जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में 13 चेक पोस्ट एवं जिला स्तर पर 5 चेक पोस्ट कुल 18 चेक पोस्ट बनाई गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिला एवं तहसील स्तर पर उड़नदस्ता दलों का भी गठन किया गया है, जिन्हें आईडी पासवर्ड जारी किया गया है। उनके द्वारा उपार्जन केन्द्रों एवं चेक पोस्ट का नियमित रूप से निरीक्षण व पर्यवेक्षण किया जाएगा। जिला स्तर पर किसानों की सुविधा के लिए जिला कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर मोबाइल नंबर की स्थापना की गई है। तुंहर टोकन मोबाइल एप के माध्यम से भी ऑनलाईन टोकन जारी किए जाने के संबंध में प्रसार-प्रचार किया जा रहा है।

### राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में छात्र होंगे शामिल



**चारामा।** राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में शामिल होने के लिए सेजेस हल्बा से गुनिका सोनवानी कक्षा ग्यारहवीं, भूमिका सिन्हा कक्षा नवमी, लोकेंद्र खरे एवं महावीर संचेती कक्षा 12वीं तथा इप्सिता दास व्याख्याता का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए हुआ है। यह प्रदर्शनी जशपुर जिले में 12 से 15 नवंबर के बीच होनी है। 11 नवंबर को इन प्रतिभागियों को प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए विद्यालय से रवानगी किया गया। सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए संस्था के प्राचार्य अमित कुमार सक्सेना, व्याख्याता देव सिंह दीवान, रानू लाल मंडावी, आत्माराम गवर्ना, उमेश कुमार सोनवानी, खुशबू देशमुख, मेघा नागवंशी तथा विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी और विद्यालय से उत्साह पूर्वक नियत स्थान के लिए रवानगी किया गया।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एग्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

खेल : बस्तर ओलंपिक की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ

# बस्तर ओलंपिक का जोशीला शुभारंभ, 7 ब्लाक के खिलाड़ी 14 तक दिखाएंगे प्रतिभा का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





बस्तर ओलंपिक 2025 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति के साथ शुभारंभ हुआ। उक्त प्रतियोगिता आज से 14 नवम्बर तक आयोजित होगी, जिसमें जिले के सभी सातों विकासखण्ड के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर विधायक आशाराम नेताम उपस्थित थे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से बेहतर भविष्य का निर्माण हो सकता है।

यह अपनी प्रतिभा को ऊंचाई पर ले जाने का सशक्त माध्यम है। नरहरदेव पीएमश्री शासकीय उमावि के डोम में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खेल प्रतिभाओं का आगे बढ़ाने का सदैव सार्थक और सकारात्मक प्रयास किया। उन्होंने बताया कि बस्तर के युवक युवतियों में खेल प्रतिभाओं की कहीं कमी नहीं है। इस तरह के आयोजन से उन्हें उपयुक्त प्लेटफॉर्म प्रदेश सरकार द्वारा मुहैय्या कराया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अपने जीवन का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विजय हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रौशन करने की बात कही। इस अवसर पर अन्य मंचस्थ अतिथियों ने भी उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित कर अपनी शुभकामनाएं दीं।

- जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स को आकर्षक

### विधायक ने शुभारंभ की विधिवत किया घोषणा

विधायक श्री नेताम ने बस्तर ओलंपिक 2025 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के शुभारंभ की विधिवत घोषणा की। साथ ही खिलाड़ियों से सौजन्य भेंट कर परिचय प्राप्त किया। इसके पहले, विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मनमोहक प्रस्तुतिकरण दिया। अंत में विधायक एवं अन्य अतिथियों ने कोयलीबेड़ा एवं अंतागढ़ विकासखण्ड की कबड्डी प्रतिभागियों के बीच रोमांचक मैच का आनंद लिया।

### बस्तर ओलंपिक में यह होगी प्रतियोगिताएं

उल्लेखनीय है कि बस्तर ओलंपिक 2025 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स 100 मी., 200 मी. और 400 मी., लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जेवेलिन थ्रो 4x100 मी. रिले रेस, तीरंदाजी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, हॉकी, कराते, व्हॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग तथा महिला सीनियर वर्ग के लिए रस्साकसी की प्रतियोगिता 14 नवम्बर तक होगी। इसमें जीत हासिल करने वाले प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, के अलावा अधिकारियों में जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम अरूण वर्मा, खेल अधिकारी संजय जैन सहित सभी विकाखण्ड से आए खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक एवं कोच बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कोड़ेकुर्से में पादरियों के प्रवेश पर प्रतिबंध, धर्म परिवर्तन को रोकने ग्रामीणों का निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम कोड़ेकुर्से में 12 नवंबर की सुबह ईसाई पादरी (पास्टर) के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाए जाने की घटना ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। ग्रामीणों ने गांव के प्रवेश मार्ग पर एक प्रतिबंध सूचना बोर्ड लगाकर यह स्पष्ट किया कि गांव में किसी भी प्रकार की धार्मिक परिवर्तन गतिविधि स्वीकार्य नहीं होगी। घटना सुबह लगभग 8 बजे की बताई जा रही है, जब ग्रामवासी एकत्र होकर सामूहिक निर्णय के तहत यह कदम उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि यह निर्णय गांव की परंपरागत धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। उनका कहना था कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में बाहरी लोगों द्वारा धार्मिक प्रचार-प्रसार की कोशिशें देखी जा रही थीं, जिससे ग्रामीणों में असंतोष था। इस दौरान ग्राम के गायता संपत हिड़को, अजित हिड़को, जवाहर ठाकुर, पुनऊराम तारम, ओम मरकाम, सहदेव बघेल, रघुनंदन गोस्वामी, अमर चंद जैन सहित लगभग 10 से 12 ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से निर्णय लेते हुए गांव के प्रवेश द्वार पर ईसाई पादरी का प्रवेश वर्जित है लिखा हुआ बोर्ड लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी समुदाय विशेष के खिलाफ नहीं है, बल्कि गांव में धार्मिक परिवर्तन की गतिविधियों पर रोक लगाना और आपसी भाईचारा व पारंपरिक आस्था को बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि यह निर्णय ग्राम सभा में सर्वसम्मति से लिया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में इस निर्णय को लेकर विभिन्न मत सामने आ रहे हैं। कुछ ग्रामीणों ने इसे सामाजिक एकता बनाए रखने की पहल बताया है, वहीं कुछ लोगों ने कहा कि ऐसे मामलों में प्रशासन की मध्यस्थता जरूरी है ताकि कानूनी और सामाजिक संतुलन दोनों कायम रहे। स्थानीय प्रशासन को भी इस मामले की जानकारी दे दी गई है।

# पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



मीवान स्टील्स लिमिटेड की दोडदे–हाहालद्दी लौह अयस्क खदान में नौवें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और पारंपरिक छत्तीसगढ़ी रंग में संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों से आए निरीक्षण दल के सदस्यों ने खदान का निरीक्षण किया और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों का मूल्यांकन किया। खदान प्रबंधन द्वारा अतिथियों का छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुरूप फूल-माला और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य से हुआ, जिसने समारोह में सांस्कृतिक ऊर्जा भर दी। दोडदे, भुरकागुदुम और हाहालद्दी ग्रामों के विद्यालयों के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई और संदेशमूलक चित्रों के माध्यम से पर्यावरण बचाने का महत्व समझाया। निरीक्षण दल ने बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। खदान के कर्मचारियों ने भी पर्यावरण संरक्षण पर नाट्य प्रस्तुति दी और कार्यस्थल पर पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के उपाय साझा किए। निरीक्षण दल ने खदान कर्मचारियों के पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिसमें स्लोगन लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, खदान निरीक्षण और पर्यावरण प्रबंधन प्रदर्शन शामिल थे। निरीक्षण दल ने मौके पर पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया। खदान का मूल्यांकन करते समय दल ने वनरोपण, अपशिष्ट प्रबंधन, उपरी मृदा संरक्षण, धूल नियंत्रण प्रणाली, और निम्न श्रेणी खनिजों के प्रबंधन जैसे पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण किया। कार्यक्रम के अंत में खदान प्रबंधक सुभाष सिंह ने सभी अतिथियों, निरीक्षण दल और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा का संकल्प है। समारोह के बाद निरीक्षण दल ने खदान परिसर का भ्रमण कर सभी तकनीकी और पर्यावरणीय दस्तावेजों का अवलोकन किया तथा प्रबंधन की सराहना की। इस अवसर पर विजीत तभाने, अमित तिवारी, सुनील माझी, सूरज नेताम, सियालाल तुलावी, सुभाष सिंह एवं खदान के कर्मचारी, कामगार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। निरीक्षण दल के सदस्यों ने उपस्थित कर्मचारियों को खनन में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी और उन्हें जिम्मेदारीपूर्वक खनन कार्य करने का संदेश दिया।

# बाइक-स्कूटी टक्कर मामले में बाइक चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मर्रापी घाट के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जाँच जारी है। पुलिस के अनुसार 21 अक्टूबर को कांकेर निवासी सिमरन बोधवानी अपने पति रवि बोधवानी और बच्ची ईशिता के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4097 से अपने दोस्तों जयप्रकाश आहुजा और संजय देवनानी के परिवार के साथ धार पारूम हिल स्टेशन घूमने गए थे। घूमने के बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे वे सभी मर्रापी घाट के रास्ते से वापस लौट रहे थे। उसी दौरान पीछे से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएन 7151 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी असंतुलित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में सिमरन, उनके पति रवि और बेटी ईशिता गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में सिमरन बोधवानी ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ किया। जांच पूरी होने पर पुलिस ने पाया कि यह दुर्घटना बाइक चालक की लापरवाही के कारण हुई। इसके बाद आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281, 125(ए) और 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

- हादसे में महिला की मौत, पति और बच्चे हुए थे गंभीर घायल

### लापरवाही भी आई सामने, नहीं दी पुलिस को जानकारी

मृतिका एवं उसके पति के दोस्त जिनके साथ यह परिवार धारपारूम हिल गए थे। उसके दोस्त के द्वारा घटना की जानकारी उस समय पुलिस को नहीं दिया गया, उनके द्वारा जानकारी देने में लापरवाही बरती गई। रायपुर में मृत्यु होने के उपरांत जीरो में डायरी आने पर विवेचना के बाद अपराध दर्ज किया गया। दोस्तों के द्वारा घटना की पुलिस को जानकारी नहीं देना एक बड़ी लापरवाही है। इस मामले में उसी समय अपराध दर्ज हो जाना चाहिए था। पुलिस ने लापरवाही बरतने वाले दोस्तों को अभी तक तलब नहीं किया है और उनको साफ सुथरा छोड़ दिया है।



# जिला बैठक एवं दीपावली मिलन का हुआ आयोजित



**भानुप्रतापपुर।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा की बैठक एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम प्रहलाद नायक तहसील अध्यक्ष के निवास में रखा गया। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त नए सदस्यों तुलसी साहू, रोहिदास कावड़े और अरूण कुमार साहू का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। जिला बैठक में जिलाध्यक्ष दिलदार सिंह ठाकुर और प्रहलाद नायक तहसील अध्यक्ष ने संघ के संगठन संबंधी और बैठकों में पेंशनर्स की उपस्थिति व समस्याओं पर अपने सारगर्भित विचार रखे। डीए एवं डीआर एरियर्स भुगतान संबंधित हस्ताक्षर अभियान जिला के सभी तहसीलों में पूर्ण हो चुका है, जिसके प्रपत्र प्रांत को प्रेषित किए जाएंगे। 17 दिसबंर को बलौदाबाजार में आयोजित राज्य स्तरीय वार्षिक अधिवेशन में सहभागिता प्रदान करने तहसीलों की तैयारी के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बृजलाल सिंहसार के प्रकरण के निराकरण के लिए जिला पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिलकर चर्चा किया। बैठक की समाप्ति पर दीपावली मिलन पर उपस्थित समस्त पेशनर्स ने एक दूसरे को तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर और मिठाई बाँटकर अभिनन्दन किया। आयोजन में बसंत शर्मा, गणेश यद्दु, कन्हैया सिंह ठाकुर, शिवलाल नेताम, डीएस मंडावी, देवराम नाग, गौतम सिंह ध्रुव, बृजलाल गंगेश, लोकेश साहू, एसपी नेताम, लीलाराम सेन, श्रीराम शोरी, शिवलाल साहू, नंदलाल टुमरेटी, रामरतन शांडिल्य, एआर पवार, ललिता साहू, कांति गायकवाड़, उर्मिला जुर्री, मीना सोनी और उर्मिला साहू ने अपनी सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में केएल उयके ने आभार प्रदर्शित किया।

# खड़े ट्रक से बाइक टकराई चालक पर अपराध कायम

**कांकेर।** बाईपास रोड़ में खड़ी ट्रक के पीछे भाग में बाइक टकराने से बाइक चालक का मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक अनिस सारथी 6 अक्टूबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 4585 में मनिहारी सामान बेचने गया था। सामान बेचकर वापिस श्रीराम नगर आ रहा था। उसी दिन रात करीबन 8 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास रोड ढाबा के पास ट्रक क्रमांक सीजी 21 एफ 9750 का चालक अपने वाहन को बिना सिगनल, संकेतक चिन्ह के खड़ा किया था, जिसमे मृतक वाहन के पीछे टकराकर एक्सीडेंट हो गया। दुर्घटना में सिर एंव शरीर में गंभीर चोट आया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गया। आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 21 एफ 9750 के चालक के खिलाफ धारा 285, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# जिला स्तरीय क्विज स्पर्धा में भाग लेने चयनित छात्र रवाना, दिखाई हरी झण्डी



**दुर्गूकोंदल।** जिला में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित विद्यार्थियों को 11 नवंबर को रवाना किया गया। रवानगी कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय संकुल केंद्र में किया गया, जहां सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गुकोंदल अंजनी मंडावी एवं लतीफ सोम खंड स्रोत समन्वयक द्वारा विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर जिला मुख्यालय के लिए प्रस्थान कराया गया। इस प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडे से नितिश कुमार साहू एवं महेश्वरी तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय बांगाचार से ओमप्रकाश नेताम एवं रागिनी बघेल का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागियों को विद्यालयों और संकुल स्तर पर आयोजित अभ्यास सत्रों के माध्यम से विषयगत तैयारी कराई गई है, जिससे वे प्रतियोगिता में आत्मविश्वास के साथ अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर सकें।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक हुई एवं दीपोत्सव मिलन मनाया



**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ पंजीयन क्रमांक 1881 जिला शाखा कांकेर की जिला स्तरीय बैठक सह पांच दिवसीय दीपोत्सव मिलन समारोह का आयोजन तहसील अध्यक्ष के निवास में सम्पन्न हुआ। बैठक में आगामी 17 दिसंबर को बलौदाबाजार में आयोजित होने वाले पेंशनर सम्मेलन सह सम्मान समारोह में भाग लेने वाले सदस्यों की तहसीलवार सूची तैयार कर जिला शाखा में जमा करने का निर्णय लिया गया।

यह भी तय किया गया कि जिला स्तर पर समय-समय पर बैठकें एवं कार्यक्रम जारी रखने के लिए भवन अथवा भू-खण्ड उपलब्ध कराने के संबंध में जिला कलेक्टर से निरंतर संपर्क बनाए रखा जाएगा। संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए सदस्यता अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी सर्वसम्मति से तय हुआ कि जिला स्तरीय चुनाव 20 जनवरी के पूर्व सम्पन्न किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया कि चुनाव के पूर्व प्रांतीय संगठन सचिव एवं तहसील अध्यक्ष चारामा कन्हैया लाल ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के चारों प्रांतीय पदाधिकारी बैठक कर चुनाव संबंधी रूपरेखा निर्धारित करेंगे। उक्त जानकारी प्रांतीय संयुक्त सचिव देवराम नाग ने दिया।




